प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री श्वेता कोचर (आर0ए0एस0)

वाद सं0 : 690 सन 2021

अनवान :–

1. गीता पुत्री ख्यालीराम जाति नायक निवासी ललानिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रार्थी

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र बाबत दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम 1956

उपस्थित :– श्री रविन्द्र कुमार गोदारा अधिवक्ता प्रार्थी

निर्णय दिनांक :– 21/11/2021

सक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट के तहत पेश किया जाकर निवेदन किया कि रोही मौजा ललानीया के खाता संख्या 24/22 की कुल 7.5900हैक्ट मे से 1/10 हिस्सा, व खाता संख्या 26/24 की कुल 4.5540हैक्ट में से 1/10 हिस्सा भूमि की प्रार्थी खातेदार काश्तकार है।

प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करते समय उच्चारण के कारण जैता पुत्री ख्यालीराम दर्ज हो गया जबकि प्रार्थी का सही नाम गीता पुत्री ख्यालीराम है यही नाम अन्य सभी दस्तावेजात में दर्ज है प्रार्थी का गलत नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज रहने से प्रार्थी के खातेदारी अधिकारों का हनन होता है।

प्रार्थी का नाम अन्य दस्तावेजात जैसे मतदाता फोटा पहचान पत्र , आम आदमी का आधार कार्ड परिवार राशन कार्ड सभी में प्रार्थीया का नाम जैता पुत्री ख्यालीराम दर्ज है सहवन से राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम गलत तौर से दर्ज हुआ है इसलिये प्रार्थी अपना नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन करवाने का अधिकारी है ।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर राजस्व रिकार्ड वाद भूमि में प्रार्थी का नाम संशोधन करने के आदेश फरमावे।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया पेरोकार राज ने निवेदन किया की प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात साक्ष्य सबुतो एवं मजमे आम में मौजिज व्यक्तियों के अनुसार वादीया का सही नाम गीता पुत्री ख्यालीरमा नाम संशोधन करने की अभिशषा की गई है

पत्रावली प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021 कैम्प कोर्ट में पेश हुई हमने उभयपक्षों को सुना पत्रावली का अवलोकन किया रोही मौजा ललानीया के खाता संख्या 24/22 की कुल 7.5900हैक्ट मे से 1/10 हिस्सा, व खाता संख्या 26/24 की कुल 4.5540हैक्ट में से 1/10 हिस्सा भूमि की प्रार्थी खातेदार काश्तकार है।

जिसमें प्रार्थीया का नाम जैता पुत्री ख्यालीराम दर्ज है। प्रार्थी का कथन है कि उसका सही नाम जैता पुत्री ख्यालीराम है यही नाम अन्य दस्तावेजात में भी दर्ज है।

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner

प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात मतदाता फोटा पहचान पत्र , आम आदमी का आधार कार्ड , परिवार राशन कार्ड सभी में प्रार्थी का नाम गीता पुत्री ख्यालीराम दर्ज है सहवन से राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम गलत तौर से दर्ज हुआ है इसलिये वादी अपना नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन करवाने का अधिकारी है नाम संशोधन करने से राज्यहकों को कोई नुकसान नही है बल्की राजस्व रिकार्ड ही संशोधन होता है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र साक्ष्य सबुतों एवं मजमें आम की जानकारी के आधार पर स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाता है कि रोही मौजा ललानीया के खाता संख्या 24/22 की कुल 7.5900हैक्ट मे से 1/10 हिस्सा, व खाता संख्या 26/24 की कुल 4.5540हैक्ट में से 1/10 हिस्सा भूमि में प्रार्थीया का नाम जैता पुत्री ख्यालीराम दर्ज के स्थान पर गीता उर्फ जैता पुत्री ख्यालीराम संशोधन किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय प्रार्थना पत्र उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 21.11.2021 को प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021 में मेरे द्वारा लिखाया जाकर सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ)
प्रशासन गांव के संग अभियान–2021
कैम्प कोर्ट –ललानिया

Scanned with CamScanner

प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर नोहर

क्रमांक : राजस्व/रीडर/2020/601 दिनांक :– 26.11.21

तहसीलदार राजस्व
नोहर ।

विषय :– प्रकरण संख्या 690/2021 अनवानी गीता बनाम सरकार में पारित निर्णय की पालना करवाने के सम्बध मे।

प्रंसग :– अनवान :–
1. गीता पुत्री ख्यालीराम जाति नायक निवासी ललानिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रार्थी

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र बाबत दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम 1956

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रकरण में निर्णय पारित किया जाकर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा ललानीया के खाता संख्या 24/22 की कुल 7.5900हैक्ट मे से 1/10 हिस्सा, व खाता संख्या 26/24 की कुल 4.5540हैक्ट में से 1/10 हिस्सा भूमि में प्रार्थीया का नाम जैता पुत्री ख्यालीराम दर्ज के स्थान पर गीता उर्फ जैता पुत्री ख्यालीराम संशोधन किये जाने आदेश पारित किये गये है तदानुसार राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाना सुनिश्चित करे।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व),
नोहर (हनुमानगढ)
प्रशासन गांव के संग अभियान–2021
कैम्प कोर्ट ललानिया

Scanned with CamScanner